नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 05.06.2021

# हारेगा कोरोना–जीतेगें हम

- मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम के द्वारा बनवाये गये नवनिर्मित न्यू सिटी (ककरा) जैवविविधता शहीद पार्क का लोकार्पण किया गया व नगर निगम द्वारा इस अवसर पर 1000 पौधों जैसे– पीपल, टिवो विया रोजिया, अमलतास, जकरण्डा, गोल्ड मोहर, नीम इत्यादि लगवाये। इसके साथ ही मा0 मत्री जी द्वारा अजीजगंज से पोस्टमार्टम हाउस तक जाने वाली रोड नवनिर्मित न्यू सिटी ककरा की बनी हुई रोड का भी लोकार्पण किया गया।

- मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 को मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन का हरी झण्डी दिखाकर किया गया उद्घाटन।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 05.06.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर कराये जा रह सेनेटाइजेशन के कार्य का किया गया निरीक्षण।

- कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 दिन शनिवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नाले की सफाई का किया गया निरीक्षण।

1. मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम के द्वारा 10 हैक्टेयर में बनवाये गये नवनिर्मित न्यू सिटी (ककरा) में जैवविविधता शहीद पार्क का लोकार्पण किया गया व नगर निगम द्वारा इस अवसर पर 1000 पौधों जैसे– पीपल, टिवो विया रोजिया, अमलतास, जकरण्डा, गोल्ड मोहर, नीम इत्यादि लगवाये। इसके साथ ही मा0 मत्री जी द्वारा अजीजगंज से पोस्टमार्टम हाउस तक जाने वाली रोड नवनिर्मित न्यू सिटी ककरा की बनी हुई रोड का भी लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के समय मा0 मंत्री जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शहीद पार्क में अमलतास का पौधा रोपित किया गया। शहीद पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी लोगो से अपील की गई कि नगर को एक अच्छा वातावरण देने के उद्देश्य से दो पौधे अवश्य लगायें, जिससे नगर को अच्छा वातावरण मिल सकें। मा0 मंत्री जी द्वारा कहा गया कि नगरवासियों की सुविधा हेतु नगर निगम द्वारा चरणबद्व तरीके से नगर में विकास कार्य किया जा रहा है, जिसके फलस्वरुप ही व लोगों के सुगम आवागमन हेतु नवनिर्मित रोड व जैव–विविधता पार्क (शहीद पार्क) का निर्माण किया गया है। जिसका लाभ सीधे नगरवासियों को मिल सकेगा। आयोजित कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा न्यू सिटी (ककरा) में प्रस्तावित नवीन नगर निगम कार्यालय की पॉच मंजिला बिल्डिंग बनाये जाने हेतु घोषणा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह जी, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त किये गये।

जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा कहा गया कि न्यू सिटी (ककरा) में नये रोड से जैव–विविधता पार्क (शहीद पार्क) तक बने नवनिर्मित रोड को शहीद स्मृति पथ के नाम से जाना जायेगा। कार्यक्रम मे मा0 मंत्री जी के साथ सासंद महोदय अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री सुरेन्द्रनाथ बाल्मीकि, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह जी, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरी प्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, निर्वतान सभासदगण एवं अन्य सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे एवं वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन कवि डा0 इन्दु अजनवी ने किया।

2. मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 को मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन का हरी झण्डी दिखाकर उद्वघाटन किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा आमजन को कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु नगरवासियों के लिये नगर में सेनेटाइजर के लिये मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन का उद्वघाटन किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि इस मशीन के द्वारा एक ही समय में तीन दिशाओं में सेनेटाइजर किया जा सकता है, जिसके माध्यम से कोविड–19 के संक्रमण को कम करने के लिये मददगार मिलेगी। मा0 मंत्री जी द्वारा सभी महानगर वासियों से अपील की गई कि कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु फेस मास्क का उपयोग अवश्य करें, एक जगह ज्यादा लोग एकत्र न हो व जितना सम्भव हो सकें अपने–अपने घरों पर ही रहें, जिससे कोविड–19 के संक्रमण को हराया जा सकें। इस मौके पर मा0 मंत्री जी के साथ सासंद महोदय अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री सुरेन्द्रनाथ बाल्मीकि, जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 आ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

3. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 05.06.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर क्षेत्र के जोन–01 तारीन जलालनगर में बने शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर होने वाले कार्यो का जानकारी ली गई व 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के आयु वर्ग के व्यक्तियों के लगाई जा रही वैक्सीन के बारे में भी पूछताछ की गई। इस मौके पर निरीक्षण स्थल पर ही कराये जा रह सेनेटाइजेशन के कार्य को नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देखरेख में कराया गया व संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कोविड–19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जायें। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहें।

4. कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 05.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, तारीन जलालनगर, एमनजई जलालनगर, लोधीपुर, सुभाष चौराहा, सुभाषनगर कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बहादुरपुरा, बहादुरगंज छोटी सब्जी मण्डी, ताजुखेल में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा मदराखेल, वर्कजई, आनन्दपुरम कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगंज रैन बसेरा, अब्दुल्लागंज, मघई टोला, वाजिदखेल, जियाखेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा तारीन गाड़ीपुरा, गड़ी गाड़ीपुरा, अहमदपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 9867 स्थलों एवं 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

5. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 05.06.2021 को सफाई जोन–1 में मालाराम कॉलोनी, सुभाषनगर कॉलोनी में बने नाले एवं जी0आई0सी0 तिराहे के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में वसीम अस्पताल के पीछे बने नाले एवं मक्कू बजरिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 कमला नर्सिंग होम के पास बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के दलेलगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार द्वारा आज दिनांक 05.06.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोऩ–01 के सुभाषनगर कॉलोनी में नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्य स्थल पर कर्मचारी कार्य करते पाये गये व कुछ कर्मचारी मास्क नही लगाये हुये पाये गये जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मास्क जरुर लगाये, जिससे कोविड–19 के संक्रमण से बचाव किया जा सकें। दिये गये निर्देश के अनुपालन में कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही मास्क लगा लिये गये। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।